# 11 ADJECTIVE

CHAPTER

**Adjective ( विशेषण ):** An adjective is **a word used to qualify a Noun or a Pronoun**.

➢ **Adjective** किसी **Noun या Pronoun** की **विशेषता** बताता है।

Ram is a **good** boy.

He is **intelligent**.

➢ ऊपर दिए गये वाक्यों में **'good'** एवं **'intelligent'** 'Ram' एवं 'he' की विशेषता बता रहे है। अत: वे **Adjective** हैं। **Adjective** का प्रयोग **noun के पहले या verb के बाद** होता है।

## THE ADJECTIVE: KINDS

**Adjective आठ प्रकार के है:**

1. **Adjective of Quality ( गुणवाचक )**
2. **Proper Adjective ( व्यक्तिवाचक )**
3. **Adjective of Quantity ( परिमाणवाचक )**
4. **Adjective of Number ( संख्यावाचक )**
5. **Demonstrative Adjective ( संकेतवाचक )**
6. **Distributive Adjective ( विभागसूचक )**
7. **Interrogative Adjective ( प्रश्नवाचक )**
8. **Possessive Adjective ( संबंधवाचक )**

**1. Adjective of Quality ( गुणवाचक ):** वह **Adjective** जो **Noun का गुण, या दोष या रंग-रूप प्रकट** करता है, उसे **Adjective of Quality ( गुणवाचक विशेषण )** कहते है। जैसे: an **honest** man. यहाँ **'honest' गुणवाचक विशेषण** है।

➢ **Adjective of Quality ( गुणवाचक विशेषण )** : निम्नलिखित दो प्रकार से वाक्य में प्रयुक्त हो सकते हैं:

**(i) Attributive use:** जब किसी **Adjective का प्रयोग Noun के पहले** होता है, तो **Adjective के ऐसे प्रयोग को Attributive use** कहते हैं।

जैसे: Solomon was a **wise** $\underbrace{\text{king}}_{\text{Noun}}$.

➢ ऊपर दिए गए वाक्य में **king के पहले wise** का प्रयोग हुआ है, जो **Attributive** है।

**(ii) Predicative use:** जब किसी **Adjective** का प्रयोग **Verb के बाद** होता है, तो **Adjective के ऐसे प्रयोग को Predicative use** कहते हैं।

जैसे: The weather $\underbrace{\text{is}}_{\text{Verb}}$ **pleasant**

➢ ऊपर दिए गए वाक्य में **pleasant** का प्रयोग **Predicative part** में हुआ है।

2. **Proper Adjective ( व्यक्तिवाचक ): Proper Noun से बनने वाले Adjective** को **Proper Adjective ( व्यक्तिवाचक विशेषण )** कहते हैं: जैसे:**Buddhist** Monastery, **British** rule.
यहाँ **'Buddhist'** एवं **'British' Proper adjective** है।

3. **Adjective of Quantity ( परिमाणवाचक ):** जिस **Adjective से वस्तु की मात्रा ज्ञात** हो,उसे **Adjective of Quantity ( परिमाणवाचक विशेषण )** कहते हैं: जैसे:**Some** milk; **enough** oil; **sufficient** sugar; **no** manners. यहाँ **'some', 'enough', 'sufficient'** एवं **'no' adjective of quantity** है।

4. **Adjective of Number ( संख्यावाचक ):** जिस शब्द से **वस्तु की संख्या ज्ञात** हो, उसे **Adjective of Number ( संख्यावाचक विशेषण )** कहते हैं।
***ये दो प्रकार के होते हैं:*** **(i) Definite (ii) Indefinite**

➢ जब **वे निश्चित संख्या/व्यक्ति** को संबोधित करे तो वे **definite adjective of number** कहलाते है।

जैसे: **Five** boys, **fifth** class.

**(i) Indefinite:** जब **वे निश्चित संख्या व्यक्त न करें** तो वे **Indefinite adjective of number** कहलाते हैं।

जैसे: **Few** girls, **several** boys.

**(a)** **Cardinal Adjectives ( निश्चित संख्यावाचक विशेषण ): निश्चित संख्या** जैसे one, two three, four का **बोध** कराने वाले **Adjectives** को **Cardinal Adjective** कहते हैं।

जैसे: He has **four** pens.
She has **two** books.

**(b)** **Ordinal Adjectives ( निश्चित क्रमवाचक विशेषण ): निश्चित क्रम (order)** का बोध कराने वाले **Adjectives** को **Ordinal Adjectives** कहते हैं।

जैसे: **First, second, third, fourth**.... etc.
The **first** chapter of this book is on verb.

➢ Article **'the'** का प्रयोग **ordinal के पहले** होता है, **cardinal के पहले नहीं**।

जैसे: Lesson **one** is on verb.
The **first** lesson is on verb.

5. **Demonstrative Adjective ( संकेतवाचक ):** जो **Adjective** अपने **तुरंत बाद** प्रयुक्त **Noun की ओर संकेत** करें, उसे **Demontrative Adjective ( संकेतवाचक विशेषण )** कहते हैं।

जैसे: **This** boy, t**hat** group, **these** people, **those** countries.

*नोट:* यदि **this, that, these, those** के **तुरंत बाद Noun** है, तो ये शब्द **Demonstrative Adjectives** होंगे और यदि इनके **तुरंत बाद Verb** है तो ये शब्द **Demonstrative Pronouns** होंगे;

जैसे: **Demonstrative Adjective** | **Demonstrative Pronoun**

| **Demonstrative Adjective** | **Demonstrative Pronoun** |
|---|---|
| **This** girl is good. | **This** is a good girl. |
| **That** pen is new. | **That** is a new pen. |
| **These** shirts are white. | **These** are white shirts. |

6. **Distributive Adjective ( विभागसूचक ):** जो **Adjective किसी वर्ग की प्रत्येक वस्तु या व्यक्ति को सम्बोधित** करे, उसे **Distributive Adjective ( विभागसूचक विशेषण )** कहते हैं।

जैसे: **Each** candidate is honest.
**Every** boy is present today.

*नोट:* **Each, every, either, neither** के **तुरन्त बाद यदि Noun है**, तो ये शब्द **Distributive Adjectives** होंगे; और यदि **each, every, either, neither के तुरन्त बाद कोई अन्य शब्द है**, तो ये शब्द **Distributive Pronouns** होंगे:

जैसे,

| **Distributive Adjective** | **Distributive Pronoun** |
|---|---|
| **Each** boy took the test. | **Each** of the boys took the test. |

7. **Interrogative Adjective ( प्रश्नवाचक ):** जो **Adjective प्रश्न पूछने का कार्य करे**, उसे **Interrogative Adjective ( प्रश्नवाचक विशेषण )** कहते हैं,

जैसे: **Which** room is hers?
**Whose** book is this?

*नोट:* **What, which, whose के तुरन्त बाद यदि Noun** है, तो ये शब्द **Interrogative Adjectives** होंगे और यदि उनके **तुरन्त बाद Verb** है, तो ये शब्द **Interrogative Pronouns** होंगे;

जैसे:

| **Interrogative Adjective** | **Interrogative Pronoun** |
|---|---|
| **What** colour is your bag? | **What** did you do? |

8. **Possessive Adjectives ( संबंधवाचक विशेषण ) :** जो **Adjectives किसी व्यक्ति अथवा वस्तु से संबंध बताते हैं**, उसे **Possessive Adjectives ( संबंधवाचक विशेषण )** कहते हैं,

जैसे: **My** book, **our** class.

## COMPARISON OF ADJECTIVES

- **Adjective** का प्रयोग तीन **degrees** में किया जाता है- **Positive, Comparative** एवं **Superlative degree.**
- जब एक (व्यक्ति, वस्तु, समूह इत्यादि) की विशेषता का वर्णन करना हो तो **Positive degree** का प्रयोग होता है।

जैसे: He is a **good** boy.

- जब एक की तुलना दूसरे से की जाए तो **Comparative degree** का प्रयोग होता है।

जैसे: He is **better** than you.

- जब सभी में से एक का चुनाव किया जाए तो **superlative degree** का प्रयोग होगा।

जैसे: He is the **best** student of my class.

**RULE 1**

सामान्यत: **किसी adjective का comparative degree बनाने के लिए positive degree में 'er' लगाया** जाता है और **superlative degree बनाने के लिए positive degree में 'est' लगाया** जाता है।

| I. | Positive | Comparative | Superlative |
|---|---|---|---|
| | Bold | Bolder | Boldest |
| | Deep | Deeper | Deepest |
| | High | Higher | Highest |
| | Strong | Stronger | Strongest |
| | Thick | Thicker | Thickest |
| | Weak | Weaker | Weakest |

**RULE 2**

यदि **positive degree के अंत में 'e' हो तो comparative में केवल 'r' ओर superlative में 'st'** लगाते है।

| II. | Positive | Comparative | Superlative |
|---|---|---|---|
| | Able | Abler | Ablest |
| | Brave | Braver | Bravest |
| | Fine | Finer | Finest |
| | Noble | Nobler | Noblest |
| | True | Truer | Truest |
| | Wise | Wiser | Wisest |

**RULE 3**

जब **positive degree consonant में खत्म हो और उसके पहले कोई short vowel** आये तो **consonant को double करने के बाद क्रमश: 'er' एवं 'est' लगाकर comparative एवं superlative degree** बनाया जाता है।

| III. | Positive | Comparative | Superlative |
|---|---|---|---|
| | Big | Bigger | Biggest |
| | Fit | Fitter | Fittest |
| | Hot | Hotter | Hottest |
| | Sad | Sadder | Saddest |
| | Thin | Thinner | Thinnest |
| | Wet | Wetter | Wettest |

**RULE 4**

जब **positive degree का अंत 'y' में हो और उसके पहले एक consonant हो तो 'y' को 'i' में परिवर्तित करें और Comparative एवं superlative बनाने के लिए क्रमश: 'er' एवं 'est'** लगायें।

| IV. | Positive | Comparative | Superlative |
|---|---|---|---|
| | Dry | Drier | Driest |
| | Happy | Happier | Happiest |
| | Heavy | Heavier | Heaviest |

| | | |
|---|---|---|
| Pretty | Prettier | Prettiest |
| Merry | Merrier | Merriest |

*नोट:* अगर **'y' के पहले vowel हो तो सिर्फ 'er' एवं 'est' लगायें।**

| **Positive** | **Comparative** | **Superlative** |
|---|---|---|
| Grey | Greyer | Greyest |

**RULE 5**

**दो शब्द खण्ड (syllables) के कई adjectives** एवं **दो से अधिक शब्द खण्ड के सभी adjectives के comparative एवं superlative क्रमशः 'more' एवं 'most' लगा कर** बनाये जाते है।

**V.**

| **Positive** | **Comparative** | **Superlative** |
|---|---|---|
| Beautiful | more beautiful | most beautiful |
| Courageous | more courageous | most courageous |
| Intelligent | more intelligent | most intelligent |
| Pleasant | more pleasant | most pleasant |

*नोट:* **कुछ adjectives किसी भी नियम का पालन नहीं करते। वे पूरी तरह से परिवर्तित हो जाते है।**

| **Positive** | **Comparative** | **Superlative** |
|---|---|---|
| Good/well | better | best |
| Bad/ill | worse | worst |
| Little | less/lesser | least |
| Fore | former | foremost/first |
| Late | later/latter | last/latest |
| Far | farther | farthest |
| Near | nearer | nearest/next |
| Old | older/elder | oldest/eldest |
| Much/many | more | most |

## CORRECT USE OF SOME ADJECTIVES

**1. Use of 'some' and 'any'**

➢ **Some/ any का अर्थ कोई, कुछ और थोड़ा** होता है, पर दोनों के प्रयोग में **फर्क** है।

(a) **Some का प्रयोग Affirmative Sentence में Uncountable Noun (U.N.) के पहले मात्रा (quantity) का बोध** कराने के लिए होता है, तथा **Plural Countable Noun (P.C.N.) के पहले संख्या (number) का बोध कराने के लिए** होता है।

जैसे: I have **some** water (U.N.).

I have **some** friends (P.C.N.).

➢ **Some** का **प्रयोग सामान्यतः +ve वाक्यों में** होता है।

➢ **Any** का **प्रयोग सामान्यतः -ve वाक्यों और Questions में** होता है।

जैसे:
1. I have **some** problems.
2. I do not have **any** problem.


3. Do you have **any** problem?

➢ जब हम **जवाब की उम्मीद 'हाँ' में करते है तो भी Questions में 'some' का प्रयोग कर सकते है।**

जैसे: Do you have **some** food?

*नोट:* **'no any' का प्रयोग एक साथ नहीं हो सकता।**

## 2. USE OF FEW, LITTLE, MUCH AND MANY.




| | | |
|---|---|---|
| **Few** | a few | **( संख्या में कम है लेकिन है )** |
| | few | **( संख्या में इतना कम की ना के बराबर है )** |
| | the few | **( संख्या में कम लेकिन निर्धारित व जिसके तरफ हम इंगित कर सकते है। )** |
| **Little** | a little | **( मात्रा में कम है लेकिन है )** |
| | little | **( मात्रा में इतना कम की ना के बराबर है )** |
| | the little | **( मात्रा में कम लेकिन निर्धारित व जिसके तरफ हम इंगित कर सकते है। )** |

**FILL IN THE BLANKS USING FEW/LITTLE, A FEW/A LITTLE OR THE FEW/ THE LITTLE.**

1. ______ Knowledge is a dangerous thing.
2. The doctor advised him to rest for _____ days.
3. ______ water I kept for you has been finished by him.
4. The show was cancelled as ____ people turned up to see it.
5. I cannot prepare tea for you. There is ____ milk in the refrigerator.

**Answer:-**

1. A little (यहाँ वाक्य का अर्थ ये है कि अगर जानकारी अधूरी हो तो खतरा बढ़ जाता है यानि Knowledge है लेकिन थोड़ा है)
2. a few. (days countable noun है अत: few का इस्तेमाल होगा न कि little का। Doctor ने कुछ एक दिन आराम करने की सलाह दी है अत: a few का प्रयोग होगा)
3. The little. ('water' uncountable है लेकिन जो थोड़ा सा पानी मैंने आप के लिए रखा था वह definite है अत: 'the little' का प्रयोग होगा)
4. Few (जब न के बराबर लोग आयेंगे तभी show cancel होगा अत: few का प्रयोग होगा)
5. Little. (जब milk न के बराबर हो तभी चाय नहीं बन सकती)

➢ '**Quantity**' एवं '**Number**' शब्द के साथ '**Little**' एवं '**Few**' शब्द का प्रयोग नहीं हो सकता है । **इनके साथ 'small' का प्रयोग** होता है।

जैसे: Little quantity of food was wasted. (×)
**Small quantity** of food was wasted. (✓)

## ADJECTIVE ds dqN lgh iz;ksx

### RULE 1

'**as ..... as'and 'so .....as'** के बीच **adjective/adverb के positive degree** का प्रयोग करें।

जैसे: He is **as** $\underbrace{\text{good}}_{\text{Adj.}}$ **as** his brother

He ran **as** $\underbrace{\text{fast}}_{\text{Adv.}}$ **as** he could.

### RULE 2

**Comparative degree** में '**adjective + er.... than**' का प्रयोग होता है। **Than** के पहले हमेशा **comparative degree** का प्रयोग करें।

जैसे: He is better **than** his brother.
Comparative degree के बाद '**than**' का प्रयोग **हो** भी सकता है और **नहीं** भी।
Today I am feeling **better**.

### RULE 3

**Superlative degree**' के पहले article '**the**' का प्रयोग होता है।

जैसे: He is **the best** player of the team.

### RULE 4

अगर **सिर्फ दो व्यक्ति/वस्तु** इत्यादि के **बीच** में से **एक का चुनाव** किया जाये **हो तो superlative degree का प्रयोग** नहीं **comparative degree का प्रयोग करें जिसके पहले article 'the'** और **जिसके बाद preposition 'of '** लगाये।

जैसे: She is the best of the two sisters. (×)
She is the **better** of the two sisters.(✓)

➢ अगर सभी में से एक का चुनाव किया जाये तो '**superlative degree**' का प्रयोग होगा जिसके पहले भी **article 'the'** का प्रयोग होगा और जिसके बाद **preposition 'of '** का।

जैसे: He is **the best of** all the players.

### RULE 5

जब एक **Noun या Pronoun** की **दो विशेषताओं** के बीच तुलना हो तो Comparative degree नहीं **more+ positive degree** का प्रयोग करें।

जैसे: He is wiser than intelligent (×)
He is **more wise** than intelligent. (✓)

**RULE 6**

**तुलना करते समय दूसरा पहले को या अन्य सभी को exclude करने के लिए 'any other' का प्रयोग** करता है।

जैसे: Gold is more precious than any metal. (×)
Gold is more precious than **any other** metal. (✓)
नीचे दिये गये वाक्य देखें-
Diamond is more precious than any metal. (✓)
ऊपर दिये गये वाक्य बिलकुल सही है क्योंकि Diamond metal नहीं है।

**RULE 7**

**'ior' में खत्म होने वाले adjectives के बाद 'than' नहीं 'to' का प्रयोग** होता है।

जैसे: **superior, inferior, senior, junior, prior, anterior, posterior.**
He is senior than me. (replace 'than' by **'to'**)

**RULE 8**

**adjectives - interior, exterior, ulterior, major, minor, empty, excellent, circular, extreme, chief, entire, complete, perfect, final, last, unique, universal, round, square, triangular, eternal, everlasting ideal, absolute, impossible एवं supreme का प्रयोग comparative या superlative degree में नहीं** होता।

जैसे:
1. This is more inferior to that. (×)
2. This is inferior to that. (✓)
3. Good deeds are more everlasting (more हटा दे )

**RULE 9**

**कुछ adjectives का प्रयोग सिर्फ positive एवं superlative degree में होता Comparative में नहीं।**

| **Positive** | **Superlative** |
|---|---|
| top | topmost |
| northern | northernmost |
| southern | southernmost |
| eastern | easternmost |
| western | westernmost |

**RULE 10**

**Adjective "preferable"** का प्रयोग **सिर्फ Comparative degree** में होता है।

➢ इसके साथ **'to'** प्रयुक्त होता है न कि 'than' और 'more' का प्रयोग इसके साथ नहीं हो सकता। **Prefer(v)** के साथ भी **'to'** का प्रयोग होता है।

जैसे: This is more preferable than that. (×)
This is preferable **to** that. (✓)

➢ 'prefer' के साथ **'to'** के स्थान पर **'rather than'** का भी प्रयोग हो सकता है।

जैसे: I prefer tea to coffee.
or
I prefer tea rather than coffee. ( नोट: 'prefer' के साथ **'to'** के स्थान पर **'rather than'** भी स्वीकार्य है।)

**RULE 11**

अगर **एक ही noun या pronoun के लिए दो adjectives का प्रयोग हो** और **दोनों को एक Conjunction से जोड़ा जाए** तो **दोनों adjectives एक ही degree में** होने चाहिए।

जैसे: Gandhiji was the noblest and wiser of all the leaders . (×)
Gandhiji was the **noblest** and **wisest** of all the leaders. (✓)

**RULE 12**

**कुछ adjectives के पहले 'the' का प्रयोग करने पर adjective plural common noun बन** जाता है। **इनके बाद Plural verb का प्रयोग होता** है।

जैसे: **rich, poor, needy, aged, blind, dead, meek, wicked,** etc.
**The rich** (rich people) usually exploit **the poor** (poor people).

**RULE 13**

सामान्यत: **verbs** को **adverbs modify** करते है।

जैसे: He works (V) honestly (adv.).

➢ **Adjective** में **'ly'** लगा कर **Adverb** बनाया जाता है। (कुछ अपवादों को छोड़ कर)

जैसे:

| **Adjective** | **Adverb** |
|---|---|
| Polity | Politely |
| Bad | Badly |
| Sincere | Sincerely |

➢ लेकिन **Verbs of sensation( seem, look, appear, feel , taste, sound** और **smell)** के बाद **adverb** नहीं **adjective** का प्रयोग होता है।

जैसे: He feels badly. (×)
He feels **bad**. (✓)
The soup smells deliciously. (×)
The soup smells **delicious**. (✓)

➢ **Verbs of sensation** के अलावा **be, become, turn, get, grow, keep, make** एवं **prove** को भी **adverbs** नहीं बल्कि **adjective modify** करते हैं।

जैसे: When he heard the news, he became sad (adj).

**RULE 14**

**कई noun hyphenated या Compound adjectives के भाग होते है। ये कभी भी plural में नहीं** हो सकते।

जैसे: I delivered a two–hours lecture. (×)
I delivered a **two–hour** lecture. (✓)
He gave me two hundred–rupees notes. (×)
He gave me two **hundred–rupee** notes. (✓)

**RULE 15**

**अगर कोई Noun Adjective का कार्य करें तो वह Plural form में नहीं हो सकता।**

जैसे: Lasers are indispensable tools for delicate eyes surgery. (eyes को **'eye'** में परिवर्तित करें)

**RULE 16**

**कुछ adjectives अर्थ में confusing** होते है। अत: इनका प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए।

**(1) Farther एवं Further**

**Farther** का अर्थ है **'दूरी में और अधिक'**।

जैसे: She lives at the **farther** end of the lane.

Further का अर्थ है 'और'।

जैसे: I did not receive any **further** order.

**(2) Last एवं Latest**

**Last** का अर्थ है **'आखिरी'**।

जैसे: The **last** ruler of Mughal Empire was Bahadur Shah Jafar.

**Latest** का अर्थ है **'नवीनतम'**।

जैसे: What is the **latest** score?

**(3) Elder एवं Older**

**Elder/Eldest** का अर्थ है **'खुन के रिश्ते में बड़ा'।**

जैसे: He is my **elder** brother

**Older/Oldest** का अर्थ है **'उम्र में बड़ा'**।

जैसे: He is **older** than his friend.

**(4) Nearest एवं Next**

**Nearest** का अर्थ है **'सबसे नजदीक'**।

जैसे: **Which** is the **nearest** hospital?

**Next** का अर्थ है **'अगला'**।

जैसे: The bank is in the **next** building.

**(5) Later एवं Latter**

**Later** का अर्थ है **'बाद में'**।

जैसे: I will call you **later.**

**Latter** का अर्थ है **'बाद वाला'**।

जैसे: The **latter** part of the movie was boring.

**Latter** का **opposite 'former'** होता है।

**RULE 17**

**'All'** एवं **'Both'** के बाद ही possessive case का प्रयोग हो सकता है।

जैसे: My all friends have got selected. (×)

**All my** friends have got selected. (✓)

**RULE 18**

अगर एक वाक्य में **adjective** के **positive** एवं **Comparative degree** दोनों का प्रयोग हो तो **'as... as'** एवं **'than'** दोनों का प्रयोग होगा। **'As ...... as'** एवं **'so ...... as'** के साथ **positive degree** का प्रयोग होता है एवं **'than'** के साथ **'Comparative degree'** का।

जैसे: He is **as** intelligent **as** if not more **than** his brother.

**RULE 19**

अगर हम **'times'** शब्द को प्रयोग कर ले तो फिर Comparative degree का प्रयोग नहीं कर सकते हैं।

जैसे: My house is four times bigger than yours. (×)
My house is four times as big as yours. (✓)

**RULE 20**

अगर **adjective of size, colour, age** इत्यादि का प्रयोग एक साथ हो तो वे निम्नलिखित क्रम में होंगे।

**Size** (1) → **shape** (2) → **age** (3) → **colour** (4) → **emotion** (5) → **nationality** (6) → **material** (7) → noun

जैसे: 1. The police arrested a **twenty two year-old** (age) **black** (colour) **American** (nationality) Negro.

2. The thief flashed a **big** (size) **sharp** (shape) knife and asked the cashier to fill the **black** (colour) **leather** (material) bag with money.

**RULE 21**

**दो Comparative एवं दो Superlative degree का प्रयोग एक साथ नहीं** होता है।

जैसे: 1. He is the most cleverest of all the officers. (×)
He is the cleverest of all the officers. (✓)
2. This is more better than that. (×)
This is better than that. (✓)

**RULE 22**

जब दो **Adjectives** के साथ **अलग-अलग prepositions की आवश्यकता हो**, तो उपयुक्त prepositions का प्रयोग करें।

जैसे: He is senior and more experienced than you. (×)
He is senior **to** and more experienced **than** you. (✓)

## SPOTTING THE ERROR

1. (a) Anurag is eclipsed by his wife, / (b) who is cleverer and / (c) amusing than he is. /(d) No error
2. (a) The two first to arrive / (b) were the lucky recipients / (c) of a surprise gift. /(d) No error

3. (a) Of the billions of stars in the galaxy, (b) how much are / (c) suitable for life? / (d) No error
4. (a) A few word of / (b) gratitude are enough / (c) to express your / (d) feelings sincerely. / (e) No error.
5. (a) He feels his troubles / (b) as much or / (c) even more than they. / (d) No error
6. (a) I like reading / (b) more than / (c) to play games. / (d) No error
7. (a) There is not many traffic / (b) along the street / (c) where I live. / (d) No error
8. (a) The police arrived and discovered / (b) a large number of hoarded sugar/ (c) in his shop. / (d) No error
9. (a) As a dramatist / (b) Shaw is superior than / (c) any other twentieth century writer. / (d) No error
10. (a) Of the two great cities/ (b) the former is / (c) biggest. / (d) No error
11. (a) A non banking financial company is a / (b) financial institution similarly to a bank / (c) but it cannot issue cheque books to customers. / (d) No error
12. (a) Everyone agrees that / (b) the Ganga is the holiest / (c) of all other rivers of India. / (d) No error.
13. (a) Krishna ran to the / (b) nearing grocery store to / (c) buy biscuits as his parents were expecting guests. / (d) No error
14. (a) While giving a loan/ (b) you must check / (c) if the borrower has sufficiently collateral to repay it. / (d) No error
15. (a) Although his speech / (b) was not very clearly everyone understood / (c) the underlying meaning. / (d) No error
16. (a) He is the most / (b) intelligent and also / (c) the very talented student of the college. / (d) No error
17. (a) Having been found / (b) guilty of the theft / (c) Sunny was sentenced to five year's imprisonment. / (d) No error
18. (a) The Railways have made / (b) crossing the tracks / (c) a punished offence. / (d) No error
19. (a) Alms / (b) are given / (c) to the poors. / (d) No error
20. (a) Lasers are / (b) indispensable tools / (c) for the delicate eyes surgery. / (d) No error
21. (a) The number of applications has risen / (b) this year by / (c) as many as 50%. / (d) No error
22. (a) Two lakh of people / (b) attended the meeting / (c) held in parade ground. / (d) No error
23. (a) These sort of men / (b) attain success by hook or by crook / (c) so they do not deserve any applause. (d) No error
24. (a) Can you tell me how / (b) many eggs and / (c) milk he has brought / (d) No error
25. (a) Whole the chapter / (b) is full of printing errors which are the outcome / (c) of the proof reader's carelessness. (d) No error

26. (a) Her black long / (b) hair adds / (c) glamour to her looks. (d) No error
27. (a) I trembled when I saw / (b) a sharp long knife / (c) in his hand. / (d) No error
28. (a) I saw / (b) an anxious pale girl / (c) who was fidgetting near the ICU / (d) No error
29. (a) Mumbai is / (b) further from / (c) Delhi than / (d) Patna. (e) No error
30. (a) This book is / (b) undoubtedly preferable than / (c) that and its printing / (d) is also comparatively good. (e) No error
31. (a) You can trust / (b) this channel/ (c) for the last news of this hour. (d) No error
32. (a) Everybody knows / (b) that Radha is the most unique / (c) singer of this college / (d) No error
33. (a) The faster he completes / (b) the work given to / (c) him, the largest will be his profit. / (d) No error.
34. (a) He does not have / (b) some money to buy a new machine so he is / (c) anxious / (d) No error
35. (a) This young lady is / (b) more beautiful but not so cultured / (c) as her sister. (d) No error
36. (a) Now-a-days, / (b) the weather / (c) is getting cold and colder. / (d) No error
37. (a) This photograph / (b) was comparatively better / (c) than that which he had kept in his purse. / (d) No error
38. (a) Ram is as good, / (b) if not better than / (c) they./ (d) No error
39. (a) Gopal felt happily / (b) to learn that I / (c) had got a job in the Bank./ (d) No error
40. (a) He is comparatively / (b) weaker / (c) in maths / (d) no error.
41. (a) Many a / (b) boys are / (c) absent today / (d) no error.
42. (a) Honest are / (b) rewarded / (c) sooner or later / (d) no error.
43. (a) My all / (b) friends will come / (c) tomorrow to meet me / (d) no error.
44. (a) He is wiser / (b) enough to / (c) understand your trick / (d) no error.
45. (a) Ramayana is more / (b) sacred than / (c) all the mythologies of Hindus / (d) no error.
46. (a) He offered / (b) me a / (c) steamed cup of tea / (d) no error.
47. (a) I will buy / (b) the book when / (c) the revise edition will come / (d) no error.
48. (a) He ran so fastly / (b) that he reached / (c) the destination in just two minutes. / (d) No error.
49. (a) I am sure that / (b) all my monthly expenses / (c) would exceed the income if I do not economise. / (d) No error.
50. (a) I am more lonelier/ (b) here than/ (c) I was in the USA./ (d) No error.
51. (a) To me it appears that/ (b) Anthropology is the more interesting/ (c) of all the subjects./ (d) No error.
52. (a) The circulation of The Statesman/ (b) is greater than/ (c) that of any newspaper/ (d) No error.

53. (a) In the garden/ (b) were the more beautiful flowers/ (c) and silver bells./ (d) No error.
54. (a) In his old age,/ (b) a person is likely to get/ (c) more weak day by day./ (d) No error.

## *Answers with Explanation*

1. (c) amusing के पहले more लगायें। Cleverer के साथ more amusing प्रयुक्त होगा क्योंकि Conjunction से जुड़ने वाले दोनों adjectives एक ही degree में होने चाहिए।
2. (a) two first को first two में परिवर्तित करें।
3. (b) much को many में परिवर्तित करें। Stars countable noun है।
4. (a) Word की जगह words का प्रयोग होगा क्योंकि a few का प्रयोग plural countable noun के साथ होगा।
5. (b) correct use 'as much as' है
6. (c) Reading के तरह playing भी 'Gerund' form में होगा।
7. (a) Traffic uncountable है। अत: many नहीं much का प्रयोग करें।
8. (a) Sugar uncountable है। अत: 'large number' के बदले 'large quantity' प्रयुक्त करें।
9. (b) Superior के साथ 'to' प्रयुक्त होता है न कि 'than'.
10. (c) biggest को 'the bigger' में परिवर्तित करें। जब दो के बीच तुलना हो तो Comparative degree का प्रयोग होता है।
11. (b) similarly adverb है जो verb की विशेषता बताता है। यहाँ similar प्रयुक्त होगा।
12. (c) all other rivers की जगह all the rivers का प्रयोग होगा क्योंकि superlative degree के sentence में other का प्रयोग नहीं होता है।
13. (b) 'Nearing' verb near का 'ing' form है। 'Nearby' adjective है। 'Nearing' के बदले 'nearby' शब्द प्रयुक्त करें।
14. (c) Collateral की विशेषता sufficient (adjective) बताता है न कि sufficiently (adverb).
15. (b) Clearly adverb है जो किसी verb की विशेषता बताता है। Speech (noun) की विशेषता clear (adjective) बताता है। अत: Clear प्रयुक्त होगा।
16. (c) Very को most में परिवर्तित करें। अगर Conjunction से दो adj को जोड़ा जाए तो दोनों adjectives एक ही degree में होने चाहिए। अत: 'the most intelligent के साथ the most talented प्रयुक्त होगा।
17. (c) five-year imprisonment प्रयुक्त होगा। Hyphenated adjective हमेशा singular form में होता है।
18. (c) Punish का adjective form punishable है।
19. (c) the poor का अर्थ है गरीब लोग। poors गलत शब्द है।
20. (c) eyes surgery में eyes noun है जो surgery से पहले प्रयुक्त हो कर adjective का कार्य कर रहा है। जब noun adjective का कार्य करें तो उसे singular form में होना चाहिए। अत: eyes नहीं eye प्रयुक्त होगा।

21. (c) 50% के साथ much प्रयुक्त होगा।
22. (a) Definite numeral adjective के साथ 'of' प्रयुक्त नहीं होता है। जैसे:- Two lakh people.
Indefinite numeral adjective के साथ 'of' प्रयुक्त होता है। जैसे:- Lakhs of people.
23. (a) These के साथ plural noun का प्रयोग होता है। अत: sort को sorts में परिवर्तित करें।
24. (c) 'Eggs' countable है अत: many का इस्तेमाल सही है पर 'milk' uncountable है। अत: 'milk' के साथ 'how much' प्रयुक्त होगा।
25. (a) the का प्रयोग whole के पहले होता है न कि whole के बाद। 'The whole chapter' का प्रयोग करें।
26. (a) 'black long' को 'long black' में परिवर्तित करें। जब भी किसी noun के लिए adj of size और adjective of colour का प्रयोग होता है तो पहले adjective of size आता है और उसके बाद adjective of colour.

Long (Adj. of size) black (Adj. of colour) hair.

27. (b) 'Sharp long knife' को 'long sharp knife में परिवर्तित करें।
28. (b) 'An anxious pale girl' के बदले 'a pale anxious girl' का प्रयोग करे। Adjective of human emotion/personality का प्रयोग adjective of colour के बाद होता है।

a pale (Adj. of colour) anxious (Adj. of emotion) girl.

29. (b) यहाँ दूरी की बात की जा रही है। अत: 'further' नहीं 'farther' का प्रयोग करें।
30. (b) Preferable के साथ 'than' नहीं 'to' का प्रयोग होता है।
31. (c) Last के बदले Latest का प्रयोग करें। हम नवीनतम (Latest) news सुनना चाहते है।
32. (b) Unique का प्रयोग superlative अथवा comparative degree में नहीं होता। Rule 8 देखें। unique के पहले a का प्रयोग करें।
33. (c) largest की जगह larger का प्रयोग होगा क्योंकि समानान्तर वृद्धि (increase) या ह्रास (decrease) को express करने के लिए double comparative degree का प्रयोग होता है।
34. (b) Some के जगह पर any का प्रयोग करें क्योंकि negative वाक्य में सामान्यत: 'any' का प्रयोग होता है।
35. (b) more beautiful के बाद than का प्रयोग करें।
36. (c) Cold को colder में परिवर्तित करें। जब किसी gradual development को दर्शाया जाता है तो comparative degree का प्रयोग होता है।
37. (b) Comparatively के साथ comparative degree का प्रयोग नहीं होता। better के बदले good का प्रयोग करें।
38. (a) 'as good' के बाद as का प्रयोग करें।
39. (a) happily (adv) के बदले happy (adj) का प्रयोग करें क्योंकि verbs of sensation (look, sum, appear, feel, smell, taste और sound) के बाद adj का प्रयोग होता है न कि adverb का।
40. (b) Comparatively के साथ comparative degree का प्रयोग नहीं होता है। weaker के बदले weak का प्रयोग करें।
41. (b) Many a के साथ singular noun एवं singular verb का प्रयोग करें। 'Boys are' को 'boy is' में

परिवर्तित करें।

42. (a) Honest adjective है। इसका प्रयोग noun की तरह तभी हो सकता है जब ये article 'the' के साथ प्रयुक्त हो। यानि 'the honest' जिसका अर्थ होता है इमानदार लोग।
43. (a) 'All my' का प्रयोग होना चाहिए न कि 'My all' का।
44. (a) Wiser को wise में परिवर्तित करें। enough के पहले positive degree का प्रयोग होता है।
45. (c) All other mythologies का प्रयोग करें क्योंकि Ramayana को exclude करना है।
46. (c) Steamed cup of tea का अर्थ होगा भांप लगा हुआ cup of tea. 'Steamed momos' का प्रयोग सही है परन्तु यहाँ गर्म (भांप निकलता हुआ) cup of tea का उल्लेख है। अत: steaming cup of tea का प्रयोग करें।
47. (c) revise को revised में परिवर्तित करें। यहाँ edition already revise हो चुका है अत: revised edition का प्रयोग सही होगा।
48. (a) fastly की जगह fast का प्रयोग होगा क्योंकि अंग्रेजी भाषा में fastly का प्रयोग नहीं होता है। fast का प्रयोग Adjective or Adverb के रूप में होता है।
49. (b) all का प्रयोग नहीं होगा क्योंकि Monthly expenses में सभी प्रकार के खर्च शामिल हैं।
50. (a) 'more' हटा दे। दो comparative degrees का प्रयोग एक साथ नहीं होता है।
51. (b) Superlative degree 'most' का प्रयोग होगा।
52. (c) 'any newspaper' के स्थान पर 'any other newspaper लगायें। 'Any newspaper' में 'The Statesman' भी आ जाता है।
53. (b) 'more' को 'most' में परिवर्तित करें।
54. (c) 'more weak' के स्थान पर 'weaker' का प्रयोग करें।